## बच्चों को ट्यूशन पढ़ते समय आरोपी की पत्नी से हो गई थी मोहब्बत, भगा कर ले गया था बेंगलुरु

# बिहार से परीक्षा देने आए युवक की प्रेम प्रसंग के चलते की गई हत्या

**सतना।** कोलगवां थाना पुलिस ने बाबूपुर चौकी अंतर्गत बड़ेरा ग्राम के नहर के किनारे पाये गये अज्ञात शव के मामले का खुलासा करते हुये हत्या में शामिल आरोपी वीरेन्द्र उर्फ वीरू सिंह 40 वर्ष निवासी थाना चौसा जिला मधेपुरा बिहार को गिरफ्तार कर लिया है। पवन कुमार की हत्या पत्थर पटककर की गयी थी।

अज्ञात शव की शिनाख्त बिहार के मधेपुरा निवासी पवन कुमार के रूप में की गयी थी। मृतक हत्या के आरोपी राजीव की पत्नी को लेकर बैंगलोर भाग गया था और वहां रहने लगा था। पवन कुमार वहां से डीएलएड की परीक्षा देने सतना आया था। जिसकी जानकारी मिलने पर हत्या का आरोपी राजीव अपने साथी वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरू के साथ सतना पहुंचा था। पुलिस इस हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी राजीव की तलाश में जुटी हुई है।



पुलिस ने बताया कि प्रेम-प्रसंग के चलते पवन कुमार की हत्या की गयी थी। हत्यारा पत्नी का पूर्व पति और हत्याकाण्ड का मास्टर माइंड है। परीक्षा देने के पहले आरोपी मृतक को आटो में बैठाकर ले गये थे। नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने मामले के खुलासे की जानकारी देते हुये बताया कि मृतक पहले बिहार में हत्या के आरोपी राजीव के तीन बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जाता था। इसी दौरान उसके संबंध आरोपी की पत्नी से बन गए। एक दिन वह आरोपी की पत्नी को लेकर भाग गया, गांव से भी लापता रहा। मामले में बिहार पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम किया। इधर आरोपी को सतना में परीक्षा देने की जानकारी मिली तो वह अपने साथी के साथ सतना आ गया। परीक्षा सेंटर के बाहर आरोपी ने युवक को ऑटो में बुलाया। ऑटो वाले को बताया कि उनका पैसे का मामला है, भाई के रूप में परिचय दिया। फिर घटना स्थल बड़ेरा ग्राम के नहर के किनारे की ओर ले गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल, सीएसपी देवेंद्र सिंह के निर्देश पर टीआई सुदीप सोनी की पुलिस टीम को अंधे कत्ल के इस मामले में बड़ी कामयाबी प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम में समस्यायों को लेकर पहुंचे 44 लोग

**सतना।** नगर निगम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, ननि अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीना ने 44 आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। महापौर, नगर निगम अध्यक्ष ने मौके पर ही कुछ समस्याओं का निराकरण करते हुए संबंधित शाखा के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। शेष सभी प्रकरणों को मूल आवेदन के साथ संबंधित शाखाओं की ओर अग्रेषित कर दिया गया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा ने बताया कि जनसुनवाई में पेयजल शाखा संबंधित 11, पीएम आवास 16, निर्माण 6, अतिक्रमण 3, स्वास्थ्य शाखा 3 एवं योजना शाखा से संबंधित 5 आवेदन प्रस्तुत किये गये। महापौर, नगर निगम अध्यक्ष, ननि आयुक्त ने सभी नागरिकों से एक-एक कर आवेदन प्राप्त करके उनकी समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं और समाधान किया।

### विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज आईटीआई सतना में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 जून को शासकीय आईटीआई सतना (युवा संगम), 19 जून को शासकीय आईटीआई मैहर (युवा संगम), 20 जून को जनपद पंचायत सोहावल, 23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर, 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

### मंदिर से चांदी के चार मुकुट चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** कोठी थाना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से सटे हुए हनुमान मंदिर से चोरी गये राम-जानकी-लक्ष्मण-हनुमान की मूर्तियों के चार चांदी के मुकुटों का पुलिस ने पता लगा लिया है। पुलिस द्वारा फुटेज के आधार पर मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है। कोठी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार व सोमवार की दरमियानी रात चोरी घटना घटित हुई। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचा तो गेट के ताले टूटे पड़े हुये मिले। चोर राम-जानकी-लक्ष्मण-हनुमान की मूर्तियों से चांदी के मुकुट चुरा ले गये थे। पुलिस द्वारा मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गये। जिसमें एक संदिग्ध व्यति मंदिर के अंदर रात में करीबन साढ़े 3 बजे प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरी के आरोपी की शिनाख्त की। बताया गया है कि चोर के पास से बरामद किये गये चांदी के मुकुट हजारों रुपये के मूल्य के हैं।

# पंचायतों के विकास में बढ़ रहीं महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी



**सतना।** द हंगर प्रॉजेक्ट द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र के बिटमा, शुकवाह, हलावन, बीरपूर, मेलउरा, बडेरा, पिपरीटोला, पगार कला, पगार खुर्द, बाँधी बैरहना, कलवलिया, मझगवा, तिघरा आदि करीब 13 पंचायतों की 28 महिला जनप्रतिनिधियों ने जरूरत आधारित कार्यशाला में भागीदारी किया। इस कार्यक्रम में हंगर प्रोजेक्ट से फील्ड समन्वयक सुरेश पाण्डेय, फील्ड कार्यकर्ता शर्मिला मिश्रा, वर्षा द्विवेदी एवं संतोष गौतम ने महिला जनप्रतिनिधियों का सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान उनके अनुभवों की जोड़ते हुये उन्हें ऑनलाइन पोर्टलों, शासन की कुछ योजनाओं, आजीविका सम्बन्धी जानकारी तथा मनरेगा से जुड़ी जानकारी एवं वेवसाइट की जानकारी दी गई जैसे समग्र पोर्टल, सम्बल पोर्टल, ई ग्राम स्वराज पोर्टल, मनरेगा पोर्टल, पंचायत दर्पण पोर्टल। जिससे इन पोर्टलो के माध्यम से पंचायत के कामों को देखते हुये पात्र हितग्राहियो को जोड़ सकें, उनमें और अधिक तरीके से कार्यो को लागू कराकर अपनी पंचायत में और अधिक विकाश को गति दे सकें जिससे उनकी जबाबदारी और भागीदारी बढे। जिससे पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा नशा खोरी में अंकुश लगाते हुए महिला सुरक्षा तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं योजनाओं को क्रियान्वित कराने में रुचि के साथ साथ पंचायत के कार्यों में सहाभागिता बढे।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए 24वां ग्लोबल ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2025

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को पर्यावरण प्रबंधन एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए "24वां ग्लोबल ग्रीनटेक पर्यावरण उत्कृष्टता 2025" के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 12 जून 2025 को नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से इस सम्मान को सुश्री अंकिता सिंह परिहार (पर्यावरण विभाग) एवं सुश्री दिव्यांशी मिश्रा (एमआरएम विभाग) ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों हरदीप सिंह पुरी, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, कीर्तिवर्धन सिंह, सुरेश गोपी, श्रीपद येसो नाइक एवं जी. किशन रेड्डी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सतत विकास और औद्योगिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले इस पुरस्कार पर कंपनी के सी.ई.ओ. राकेश जैन, प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त की, साथ ही पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप, सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी, सहायक महाप्रबंधक बिहारी सिंह शेखावत, सहायक प्रबंधक रीमा तिवारी एवं अन्य अधिकारियों को इस उपलब्धि की बधाई दी।यह पुरस्कार प्रिज्म सीमेंट को जल संरक्षण, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा, वृक्षारोपण, कार्बन फुटप्रिंट में कमी, प्लास्टिक एवं खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन, और सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन जैसे प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। प्रिज्म सीमेंट को अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किये गए कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन, ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए, सघन वृक्षारोपण (10 लाख पौधारोपण ), कार्बन फुट प्रिंट रिडक्शन, प्लास्टिक एवं हजारडस वेस्ट मैनेजमेंट, सस्टैनिबिल्टी डेवलपमेंट में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानको के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। इस आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम (सीएसआर एवं जनसंपर्क) श्री देवेन्द्र मिश्रा ने प्रदान की।



# इंसान को शैतान बना देता है मादक पदार्थ



### बुद्धि विवेक को नष्ट करता है नशा

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को ग्राम पंचायत सिजहटा अंतर्गत ग्राम सोनौरा में जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र भवन में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश पार्थ शंकर मिश्रा एवं विशेष अतिथि जिला विधिक अधिकारी मोहम्मद जीलानी रहे। नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन के निर्देशन व उपसंचालक सामाजिक न्याय के मार्गदर्शन में जिले में प्रमुख कलाकार केके शुक्ला व डॉ अमर सिंह व अंकुर श्रीवास्तव द्वारा समाज में बढ़ती हुई नशा सेवन की प्रवृत्ति में रोकथाम का अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर पंपलेट वितरण नुक्कड़ सभा उद्बोधन एवं गीत तथा नारा उद्घोष आदि माध्यमों से सामाजिक जनजागृति का आयोजन सम्पन्न किया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों व विद्वान वक्ताओं ने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि इंसान को शैतान बनाते हैं मादक पदार्थ उन्हें नशा का सेवन करना तो दूर है इसके बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। क्योंकि किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन व्यक्ति के तन-मन-धन बुद्धि व विवेक का नाश करता है तथा शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। परिणाम व्यक्ति के सामने आर्थिक व शारीरिक संकट पैदा हो जाते हैं तथा नशा के कारण तमाम प्रकार के लड़ाई-झगड़े, दंगा-फसाद, विवाद, मारपीट, एक्सीडेंट, चोरी, हत्या, दुष्कर्म, पुलिस थाना मामला मुकदमा, परिवारों का टूटना बिखरना, गरीबी, घातक बीमारी, कुपोषण इत्यादि तमाम प्रकार की समस्या आती है। जिसका मूल कारण नशा है। इस बुरी लत की बीमारी से छुटकारा पाने व भावी पीढ़ी को घातक नशे की लत में फसने से बचाने के लिए अभी से जन-जन को प्रयास करना होगा। जिसके लिए सामाजिक जन जागरूकता लाने पर जोर देना होगा। नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है। जिससे व्यक्ति की तीन पीढ़ी बर्बाद हो जाती है। इससे बचे रहने के लिए हम सबको समय पर रोकथाम के लिए आगे आने में ही भलाई है। कार्यक्रमों में स्थानीय स्तर पर पंचायत पदाधिकारी गण, सरपंच, सचिव, जीआरएस, सीएचओ तथा डीडीआरसी के समस्त अधिकारी कर्मचारी व वृद्धाश्रम के स्टाफ़ और वरिष्ठ नागरिको के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण जन समूह माताएं, बहने, एवं युवा साथी उपस्थित होकर नशा नहीं करने का संकल्प लिया गया।

# राम भरोसे चल रही मैहर नगर पालिका



### पहले ही बरसात में नगर पालिका की खुली पोल

**मैहर।** नगर पालिका में सफाई कर्मी 200 सौ से 300 हैं फिर भी सफाई व्यवस्था किस तरीके की है इस फोटो में देखा जा सकता है। आज हुई सीजन की पहली बरसात मैं ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। यह फोटो वार्ड नंबर 14 एवं 15 की है। जहां पर नालियां जाम हैं पानी निकालने का रास्ता नहीं है। लोगों के घरों के अंदर पानी घुस रहा है। शुरुआत में यह हाल है तो आगे आप अंदाज लगा सकते हैं। मैहर के नगर पालिका अधिकारियों को ऑफिस से फुर्सत ही नहीं मिलती की शहर की व्यवस्था क्या देखेंगे।



# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**मैहर।** बीती रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सड़क किनारे से जा रहे युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां से इलाज के लिए जबलपुर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एन एच 30 सोमवार की रात 11 बजे संजय चौधरी पिता लक्ष्मी चौधरी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बड़ाइटमा पैदल जा रहा था कि तभी अमरानाला के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार मौके से फरार हो गया इस घटना में संजय सड़क से 10 फिट दूर जा गिरा। वही तेज आवाज सुन ढाबा संचालक आशुतोष दहिया, अनुराग एवं अकबर मिस्त्री वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंच कर पुलिस ने एम्बुलेन में मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के बाद घायल को परिजनों के अनुसार जबलपुर रेफर किया गया जबलपुर ले जाते वक्त मंगलवार की सुबह तकरीबन 03 बजे रास्ते में संजय ने दम तोड़ दिया जिसके बाद मृतक को वापस मैहर सिविल अस्पताल लाया गया पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



# मैहर में बारिश होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**मैहर।** जिले में प्री-मानसून ने मैहर जिले दस्तक दी है। मंगलवार की सुबह 11.30 बजे से गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री दर्ज किया गया। ये 3 डिग्री की गिरावट दर्शाता है। न्यूनतम तापमान में भी डेढ़ डिग्री की कमी आई और यह 24.2 डिग्री रहा। हवा में नमी का स्तर सुबह 72 और शाम को 73 प्रतिशत रहा। मैहर जिले के अमरपाटन और रामनगर में भी बारिश देखी गई। मैहर में मासूम की दस्तक के साथ जोरदार मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है घंटों से हो रही बारिश की वजह के मौसम में बदलाव आया गर्मी और हिटवेव से लोगो को राहत की सांस ली वही बारिश की वजह से घरों में पानी भरने लगा मंगलवार की सुबह 11.30 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज मूसलाधार बारिश होने लगी जिसके बाद मौसम में ठंडक देखी गई वही जाम नलियों की वजह से घरों में नाली का पानी भरने लगा।



# कलेक्टर ने सुनी 156 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 156 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम सुधीर बेक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।



## खबर संक्षेप

### राजा सिंह परिहार प्रेक्षक नियुक्त

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप निर्वाचन के दृष्टिगत राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राजा सिंह परिहार को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री परिहार प्रथम चरण में 22 से 26 जून तक तथा द्वितीय चरण में 6 से 10 जुलाई तक भ्रमण पर रहेंगे। प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 9406621016 है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रेक्षक की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए उच्च विश्राम गृह पन्ना में कक्ष आरक्षण सहित अन्य व्यवस्था के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है, जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ककरहटी सौरभ श्रीवास्तव को व्यवस्था प्रभारी एवं उपयंत्री देवेन्द्र सोनी को लायजनिंग अधिकारी बनाया गया है।

### ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 27 को

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में आगामी 27 जून को शाम 4 बजे कलेक्टेट स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजैनतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में तथा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेकर उनके अधिकार तथा विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना की जानकारी प्रदान कर एवं वृद्धजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर फल जूस का वितरण कराया गया। साथ ही किसी भी तरह की समस्या पर प्राधिकरण अथवा आश्रय गृह की प्रशासिका को अवगत कराने की अपील की। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन भी उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई में आए 17 आवेदन



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 17 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के तहत दो माह के क्लोज सीजन में आगामी 15 अगस्त तक जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया है। बंद ऋतु की अवधि में मत्स्य के परिवहन और क्रय-विक्रय पर भी रोक रहेगी।

## जिले में विद्युत विहीन विद्यालय वहीं जल आपूर्ति की समस्या

# आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित विद्यालय

**कैसे भीषण गर्मी में बिना विद्युत पानी के विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षक निभायेंगे दायित्व**

आज भी जिले के अंदर विद्युत विहीन शालाओं को क्या साझा किया जायेगा। जहां विद्युत विहीन होने के कारण इस भीषण गर्मी में विद्यालयों मं शिक्षा प्रदान करना छात्र-छात्राओं को कितना आसान होगा। वहीं ऐसे विद्यालय जहां रनिंग वाटर की समस्या आज भी बनी हुई है। क्या इनका भी सर्वे कराकर सुधार की दिशा तय की जायेगी। ताकि विद्यालयों में विद्युत पानी जैसी मूलभूत सुविधायें संभव हो सके क्या होंगे प्रयास।



पन्ना। जिले के अंदर बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। वहीं विद्यालयों में मूलभूत सुविधायें विद्युत पानी आज भी कई जगह समस्याओं को बयां कर रही है। इस भीषण गर्मी के दौरान जहां बिना विद्युत व पानी की कैसे विद्यालय संचालित होगें अपने आप में बड़ा सवाल है। उदाहरण को लेकर क्या बिना रनिंग वाटर पेयजल समस्या के निदान को लेकर प्रयास किये गये। या प्रयास किये गये तो कितने कारगर हुए। वहीं विद्युत की बात करें तो आज भी जिले में ऐसे कितने विद्यालय है जहां विद्युत व्यवस्था नहीं इन पर विभाग की तरफ कार्यवाही हो आगे बढ़ाया गया। या बढ़ाया गया तो कैसे विद्युत समस्या का समाधान होगा इसको लेकर क्या हालात तय हुए। मामला चाहे जो हो पर निश्चितौर पर जिले में शिक्षा के विकास को लेकर जहां जमीनी स्तर से सुधार की दिशा तय की जा रही हो वहीं विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं पर भी क्या गौर होगा। शिक्षा ही विकास का प्रमुख आधार है गांव से ही प्राथमिक शिक्षा जो प्रदान की जाती है प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों से इन विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालयों के हालात पर कौन गौर करेगा। कहने तो विकास की दिशा अब परिवर्तन की ओर जानी जा रही है। समूचे गांव विकास को लेकर तस्वीर बदल रहे है पर विद्यालयों के हालात सुधार को लेकर कैसे जाने जाये। क्या विभागीय आंकडे ऐसे विद्यालयों को सर्वे के आधार पर बताया जायेगा। कितने विद्यालय जिले में विद्युत विहीन है वहीं रनिंग वाटर की व्यवस्था विद्यालय में कैसे। साथ ही लम्बे अर्से से शौंचालयों की व्यवस्था विद्यालयों में बनाई गई पर इसकी साफ-सफाई को लेकर बिना रनिंग वाटर के कैसे। जो अपने आप में स्वयं ही सवाल है इतना ही नहीं विद्यालयों में सुविधाजनक तरीके से शिक्षा प्रदान करने के लिए क्या गांव के लोगों के साथ साझा करते हुए साथ ही विद्यालय की जो समिति शाला प्रबंधन के रूप में बनाई जाती है क्या इसके माध्यम से ये मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर प्रयास किये गये। जो भी दास्ता है वह कहीं न कहीं समस्याओं को आज भी बनाये हुए है। जबकि इन समस्याओं का निदान सबसे पहले होना चाहिए। क्योंकि मूलभूत सुविधाओं की जरूरत विद्यालय में निश्चितौर पर मानी जाती है। जहां नन्हें-मुन्हे बच्चे शिक्षा प्राप्त करते है वहीं इस तरह की भीषण गर्मी में जहां एक घंटे बिना हवा के कैसे बैठकर एक साथ शिक्षा प्राप्त करना संभव होगा। वहीं विद्यालयों में शिक्षक किस तरह से इस दास्ता से गुजरते होगें इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षा ही आधार होती है व्यक्ति के व्यक्तित्व का तथा जिस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करनी है उसी विद्यालय के विकास को लेकर अभी अंधेरा कायम है। आखिर जिले में ऐसे विद्युत विहीन शालाओं व रनिंग वाटर की समस्याओं से निजात दिलाने होगें प्रयास।



## कबीर जयंती के उपलक्ष्य में विचार एवं काव्य गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

**वक्ताओं ने कबीर के ज्ञान रूपी साहित्य पर डाला प्रकाश**

**पन्ना।** जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन एवं सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था पन्ना के तत्वाधान में सांई मंदिर में 15 जून, 2025 को शाम 07 बजे से देर रात तक कबीर जयंती के उपलक्ष्य में विचार एवं काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। सर्वप्रथम सद्गुरू कबीर साहेब के चित्र पर मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार चंसौरिया एवं विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अहिरवार ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने अतिथिगणों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री चिरोलया ने कबीर साहेब की संसार प्रसिद्ध रचना धर्मिता पर लेख का वाचन किया। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त शिक्षक समाजसेवी श्री विजय कुमार चंसौरिया एवं सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक समाजसेवी श्री रामकिशोर अहिरवार ने कबीर साहेब के महान-व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षिप्त में प्रकाश डालते कहा कि कबीर साहेब के समंदर रूपी ज्ञान की गहराई को कोई नाप नहीं सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े संजय सिंह राजपूत ने की। इस मौके पर पत्रकार संतोष तिवारी ने भी संस्था से जुड़ी गतिविधियों पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के आयोजक श्री चिरोलया की प्रशंसा की। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी प्रारंभ हुई जिसमें लक्ष्मी नारायण चिरोलया, अश्विनी कुमार चतुर्वेदी, जयपाल सिंह परमार, जयदीप सिंह, सुरेश सौरभ, सीताराम कुशवाहा, विजय कुमार शर्मा सहित अनेक कविगणों ने रचना पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने किया। अंत में सभी का राजीव तिवारी ने आभार व्यक्त किया। देर रात तक चले कार्यक्रम में संतोष तिवारी, राजेश रावत, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, चंद्रभान सेन, अरविन्द यादव, महेन्द्र भारती, अक्षांश बौद्धिक, अजय कोंदर, विनोद लखेरा, रोहित शर्मा सहित सैकड़ों की संख्याा में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## लाड़ली बहनों को मिली जून माह की आर्थिक सहायता राशि

पन्ना।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेट के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित श्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को सुना। सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों एवं वार्डो में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा एवं सुना गया।

पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 228 लाड़ली बहनों को योजना की 25वीं किस्त के तहत 22.42 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक खाते में किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 11 योजनाओं की 6 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि भी अंतरित की गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहनों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों को गैस सब्सिडी की राशि मिली। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के 85 हितग्राहियों को 1.93 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया।

## विद्युत सप्लाई बंद होने पर संयम रखने उपभोक्ताओं से अपील

पवई।



क्षेत्रीय विद्युत उपभोक्ताओं से विद्युत प्रभारी सतीश सैनी द्वारा की गई है कि बारिश का सीजन शुरु हो चुका है, आंधी के साथ में बारिश आती है जिसमें कई पेड पौधे टूट जाते हैं, साथ ही हमारा जो बिजली तंत्र है वह आप के आस पास सभी जगह फैला हुआ, अगर किसी पेड़ की एक टहनी भी उसके ऊपर गिर जाती है तो पूरे क्षेत्र की बिजली को बाधित कर देती है, इसलिए आप सभी से अपील की जाती है कि बारिश और आंधी के मौसम में अगर आप की बिजली गुल हो जाए तो आप संयम बरतें, बार-बार फीडर इंचार्ज (लाइनमैन) और शिफ्ट ड्यूटी इंचार्ज (बिजली चढाने वाला) को फोन ना करें ना ही किसी अधिकारी पर दबाव बनाएं, क्योंकि जैसे ही बिजली गुल होती है सभी इंजीनियर और टेक्निकल टीम फॉल्ट को ढूंढने में लग जाती है। आपके कहे बिना ही सारी जिम्मेदारी हमारे ऊपर आ जाती है और जल्दी से जल्दी हम भी विद्युत सप्लाई को बहाल करना चाहते हैं। विचार करें कि एक लाइन अपनी जान की परवाह न करते हुए उपभोक्ताओ की सुविधा के लिए दिन रात काम करता है। सयंम जरूर बरते हम पूरी कोशिश करते हैं कि आप हमेशा उजाले में रहे। साथ ही बारिश के मौसम में कुछ ध्यान देने वाली बाते यहां आपको बताई जा रही है।

इनका आप ध्यान रखिए जिससे आप हमारे साथ मिलकर सुरक्षा में अच्छी भागीदारी निभा सकते हैं- बारिश के मौसम में बिजली लाइन से दूर रहें। अगर किसी पेड़ की कोई टहनी लाइन पर गिर जाती है तो आप तुरंत संबंधित अभियंता या ळै में सूचना दें, बिना सूचना के उस को हाथ ना लगाएं।किसी भी बिजली लाइन या ट्रांसफार्मर से छेड़छाड़ ना करें।

लुपिंग ना करें , जिससे हाई वोल्टेज का करंट आपमें से प्रवाहित हो सकता है क्योंकि बारिश के मौसम में अच्छा अर्थिंग मिल जाता है। कहीं पर भी चिंगारी उठ रही हो या कोई तार टूट जाए या किसी पोल या अर्थिंग सैट में करंट आ रहा हो तो तुरंत संबंधित अभियंता या ळै में सूचना दें। अपने घर के पोल से किसी भी जानवर को ना बांधे, कभी भी करंट प्रवाहित हो सकता है। मीटर के अलावा सीधे पोल के तार ना लगाएं क्योंकि सप्लाई आने पर आपके घर के उपकरण जलसकते हैं, क्योंकि मीटर एक सुरक्षा युक्ति का काम भी करता है।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष सीईओ ने, जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पवई।



जनप्रतिनिधि के रूप में जनपद अध्यक्ष पवई की सराहनीय पहल जिन्होने अपनी जनपद पंचायत क्षेत्र में पंचायतों में पहुंचकर जनता के सामने चौपाल लगाकर विकास कार्यों का जायजा लिया व ग्रामीणजनों की समस्याओं का जाना। जनप्रतिनिधि इस तरह से जनता के बीच अगर पहुंचने लगे तो प्रशासन की कार्यप्रणाली स्वमेव कहीं न कहीं जमीनी स्तर पर मजबूत साबित होगी।

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा ने जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय एवं जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह के साथ ग्राम पंचायत सगरा अंतर्गत ग्राम जेतुपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयसीमा में कार्य पूर्ण हों। इस अवसर पर जनपद सदस्य राम चरण चौधरी, सरपंच ग्राम पंचायत सगरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जन चौपाल के आयोजन को सराहा और कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने का अवसर मिला।

### भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**पवई।** सोमवार 16 जून को जगदीश स्वामी मंदिर परिसर मे भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमे भगवान जगन्नाथ की धूप कपूर की आरती से लेकर पवई नगर के मुख्य मार्गों से निकलने वाली रथयात्रा एवं नन्ही पवई तथा बागरनटोला मे रथयात्रा के रात्रि विश्राम व धार्मिक कार्यक्रमों सहित प्रसाद् व भण्डारे इसके अलावा रथयात्रा निकलने के पूर्व गॉड ऑफ आनर, आतिशबाजी, ढोल नगाड़े सहित समस्त छोटे छोटे विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, विधुत मंडल, वन विभाग, जनपद पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध मे अलग अलग दायित्व सौंपे गये इस अवसर पर मंदिर पुजारी अंशुल अनूप पाठक, एस.डी.एम समीक्षा जैन, तहसीलदार श्रीमती प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, जे ई सतीश सैनी सहित विभिन्न विभागों से अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता अनिल तिवारी ने सृजन अभियान शाहनगर रेस्ट हाउस से सामाजिक कार्यकर्ता केपी सिंह बुंदेला को कार्यक्रम से हटाया

**सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहित रेस्ट हाउस के नीचे सड़क पर दिया धरना**

**धरना देखकर अनिल तिवारी हुए आग बबूला, हाथ पकड़ कर कार्यक्रम से निकालने का प्रयास किया**



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना के संयोजक केपी सिंह बुंदेला लगातार 20-25 वर्षों से सामाजिक रूप से वन अधिकार कानून पर आदिवासियों के लिए हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। दिनांक 16 जून को सजृन अभियान शाहनगर रेस्ट हाऊस में कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सामिल होने के लिए सेकडो आदिवासी कार्यकर्ताओं के साथ गजदा गांव से रेली निकालकर नारे लगाते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षक के आने के पूर्व शाहनगर रेस्ट हाउस पहुंचे गजदा गांव से चली रेली मे टेरे बेटेरे, बोरी, पगरी, उमरीया डुडी, तुल्ला अन्य गांव आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता साथ में वाहन वाइक से उपस्थित थे। रेस्ट हाऊस के बाहर वाहन रोक कर पेदल मार्च गगन भेदी नारे लगाते रेस्ट हाउस में दाखिल होकर खाली स्थान फर्स में बेठ गए तद उपरांत कांग्रेसी नेता कार्यक्रम के करता धरता अनिल तिवारी ने संगठन संयोजक केपी सिंह बुंदेला को बुलाकर कहा यह कार्यक्रम कांग्रेस है और आपका मुद्दा अलग है वहां से सभी को के कर्ताओं को उठा लो वहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ही बैठेंगे। बुंदेला ने अनिल तिवारी से कहा हम सभी सामाजिक कार्यकर्ता जरूर है परंतु हमारी सोच- विचार कांग्रेसी है हम लोग केंद्रीय पर्यवेक्षक सहित अतिथियों से मिलने आए हैं आप बेज्जती ना करें तद उपरांत संगठन संयोजक रेस्ट हाउस के नीचे साथियों सहित धरना दे दिया सहयोगी साथियों ने धरना प्रदर्शन से उठने को कहा परंतु केपी सिंह बुंदेला धरना से नहीं उठे श्री बुंदेला ने बताया कि साथियों से जवाब दिया की अनिल तिवारी ही धरना से उठाएंगे तभी उठा जाएगा और रेस्ट हाउस में जाया जाएगा 10 मिनट धरना दिए हुए थे कि अनिल तिवारी जी गुस्से में आगब्बला होकर हाथ पकड़ कर धरना से हटाना चाहा परंतु श्री बुंदेला उसके पहले ही उठकर रेस्ट हाउस के बाहर चले गए सभी कार्यकर्ता उनके पीछे-पीछे रेस्टहाउस के बाहर धरना देकर बैठ गए 5 मिनट पश्चात केंद्रीय पर्यवेक्षक कार्यक्रम स्थल पर पधारे परंतु उनकी नजर धरना पर नहीं गई कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यवेक्षक जी पहुंच कर सभा को संबोधित करने लगे जैसी ही किसी ने जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष को उक्त घटना की जानकारी दे दी वैसे ही शिवजीत सिंह भैया राजा धरना स्थल में पहुंच धरना - प्रदर्शन हटवाया एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को गले लगा कर बात को सुना सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग थी किस जिला में ग्रामीण एवं शहरी जिला अध्यक्ष बने। जानकारी होकी अनिल तिवारी द्वारा पूर्व विधानसभा चुनाव समय में केपी सिंह के ऊपर एक करोड़ का दावा कटनी मैं किया था क्योंकि केपी सिंह बुंदेला मुकेश नायक जी का सपोर्ट कर रहे थे जिस कारण अनिल तिवारी बुंदेला जी से जलन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश से वंचित छात्र फिर कर सकेंगे च्वाइस फिलिंग, 20 तक चलेगी प्रक्रिया

**छतरपुर।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर व वंचित वर्ग समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के दूसरे चरण की प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। इसमें पहले चरण में प्रवेश से वंचित रहे छात्रों के माता-पिता अपनी ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग फिर से करवा सकेंगे। 25 जून को लॉटरी से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। जिले में पहले चरण में 398 निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 1387 सीट आरक्षित की गई। इनमें प्रवेश पाने के लिए 1775 लोगों ने आवेदन किए। 1589 आवेदन सत्यापित करने के बाद 978 बच्चों का प्रवेश तय किया गया। दूसरे चरण की शेष 99 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 से शुरू हुई है और 20 जून के बीच चलेगी।

### बमीठा, पन्ना और सतना के फोर लेनिंग के संबंध में जन परामर्श बैठक सम्पन्न



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन परामर्श बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 39 बमीठा पन्ना सतना के फोर लेनिंग (चौड़ीकरण) के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें लगभग 14 कि.मी. की सड़क छतरपुर जिले के राजनगर तहसील की सीमा में आती है। बैठक में वनमंडलाधिकारी छतरपुर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व, एडीएम छतरपुर, सहायक कलेक्टर, उप मुख्य अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे, खजुराहो, अनुविभागीय अधिकारी राजनगर, जल संसाधन विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, डीपीआर कंसलटेंट एनएच पीडब्ल्यूडी रीवा उपस्थित रहे।

### तरमीम और सीमांकन के लिए एक साल से भटक रहा किसान



**छतरपुर।** गौरिहार तहसील के ग्राम मुड़हरा निवासी चंद्रपाल कुशवाहा ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पटवारी की लापरवाही के खिलाफ आवेदन सौंपा। चंद्रपाल ने बताया कि उनकी स्वामित्व वाली भूमि की तरमीम और सीमांकन न होने से वे एक साल से परेशान हैं। चंद्रपाल कुशवाहा ने बताया कि मौजा मुड़हरा में उनकी स्वामित्व की भूमि पर वे काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं। इस भूमि पर बटा नंबर कायम है, जिसकी तरमीम वे लालस्याही से कब्जानुसार करवाना चाहते हैं। तरमीम न होने के कारण अस्थायी सीमा निर्धारित नहीं हो पा रही, और सीमांकन भी अटका हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि उनके आवेदन को स्वीकार कर भूमि की तरमीम और सीमांकन का आदेश जारी किया जाए। चंद्रपाल ने बताया कि पटवारी की लापरवाही से मैं एक साल से परेशान हूँ। दो बार अधिकारियों को आवेदन दे चुका हूँ, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

सटई रोड हनुमान मंदिर के पास झोलाछाप चिकित्सक ने 50 वर्षीय महिला की ली जान, फिर भी सीएमएचओ द्वारा नहीं कराई गई एफआईआर

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक नहीं हुए अब तक बंद

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बेखबर, बेधडक चल रहे क्लीनिक

**छतरपुर।** जिला कलेक्टर द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों/ चिकित्सकों के विरूद्व एफआईआर कराने के निर्देश सोमवार की टीएल बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरपी गुप्ता के अलावा सभी बीएमओ को दिए थे। लेकिन जिले के बीएमओ ने कलेक्टर के आदेश को एक कान से सुना और दूसरे कान से निकाल बाहर किया। यही कारण है कि झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक ग्रामीण एरिया के साथ साथ जिला मुख्यालय छतरपुर में बेधडक चल रहे है। जिन क्लीनिकों को बंद होना चाहिए था, उनमें खुलेआम मरीजों का ईलाज किया जाकर उनकी जान ली जा रही है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय छतरपुर के सटई रोड का सामने आया है जहां एक 50 बर्षीय महिला की ईलाज के दौरान झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक में मौत हो गई। मृतक महिला अतरार गांव की रहने बाली है उसके परिजनों ने आरोप लगाया कि गिरजा बाई को सांस की बीमारी थी। जिसे बीते रोज सटई रोड पर बेहर के हनुमान मंदिर के बगल में झोलाछाप चिकित्सक की क्लीनिक में ईलाज के लिए ले गए थे। ईलाज के दौरान झोलाछाप चिकित्सक ने महिला गिरजा बाई को दबा दी और उसे घर बापस भेज दिया। लेकिन महिला को दवा से फायदा होने की जगह हालत बिगडती गई जिस कारण रविवार की सुबह महिला के परिजन गंभीर हालात में गिरजा बाई को लेकर उसी झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक में पर पहुंचे । गंभीर मरीज देखते ही झोलाछाप चिकित्सक के पैर फूल गए और उसने तत्काल आनन फानन में गंभीर हालत में महिला को बोतल चढा दी बोतल चढाने से महिला को राहत मिलने की जगह हालत और भी बिगड़ गई और बह कुछ समय बाद बेहोश हो गई जैसे ही झोलाछाप चिकित्सक ने महिला को बेहोशी की हालत में देखा तो अपना पल्ला झाडते हुए महिला को तत्काल जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन जिला अस्पताल पहुचने से पहले ही महिला ने दम तोड दिया। महिला की मौत को लेकर परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। परिजन स्पष्ट कहते रहे कि बेहर के हनुमान मंदिर सटई रोड के बगल में संचालित क्लीनिक के झोलाछाप चिकित्सक ने गलत ईलाज किया है। जिससे गिरजा बाई की मौत हुई है। महिला की मौत की घटना के बाद भी उस झोलाछाप चिकित्सक का मनोबल गिरा नही है बल्कि सोमवार को बह खुलेआम बैठकर ईलाज करता रहा। कोई कुछ भी आरोप-प्रत्यारोप लगाता रहे अधिकारी उसके विरूद्व कोई कार्यवाही नही करेगे।



डॉ. आर.पी. गुप्ता
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छतरपुर

**जगह जगह चल रहे मौत के क्लीनिक -** सूत्रों ने बताया कि छतरपुर जिले में जगह जगह इन झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक चल रहें है जिन्हें मौत के क्लीनिक कहा जाए तो शायद कोई बडी बात नही है। क्योंकि इसके पहले कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है जिनमें ईलाज के दौरान इन झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक में मरीजों की मौत हो चुकी है, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। ग्रामीण क्षेत्र की बात छोड़े जिला मुख्यालय में ही सीएमएचओ की नाक के नीचे सैकडों झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक चल रहें है। जहां खुलेआम मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। ना तो इनके पास कोई डिग्री है और न ही किसी प्रकार का बैध लाइसेंस है। जिससे यह मरीजों का ईलाज कर सकें, फिर भी सीएमएचओ की नाक के नीचे मौत के क्लीनिक संचालित हो रहें है। ऐसा कोई क्लीनिक नहीं है जहां प्रतिदिन सैकडो मरीजों का ईलाज न किया जाता हो, लेकिन छतरपुर में अभी तक एफआईआर किसी के विरूद्व नही हुई है।

**सीएमएचओ के आधा दर्जन दलाल शहर में सक्रिय -** शहर के चारों मार्गा पर झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक अबैध रूप से चल रहें है। जिनहे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का सरंक्षण मिला हुआ है। इन झोलाछाप चिकित्सकों से अबैध बसूली के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कम से कम आधा दर्जन दलाल सक्रिय कर रखें, जो कलेक्टर के आदेश का हवाला देते हुए एफआईआर कराने की धमकी देकर बसूली कर रहें है। देखा यह जा रहा है कि हर सड़क मार्ग पर 2-2 दलाल भ्रमण करते हुए झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक पर जाकर मुह मांगी बसूली कर रहें है। एफआईआर के डर से झोलाछाप चिकित्सक भी इस अबैध बसूली का विरोध नही कर पाते। उन्हें भी भय रहता है कि वह गलत रूप से क्लीनिक चलाकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहें है। तो निश्चित है कि अधिकारी के दलाल को पैसे नही दिए तो एफआईआर हो जाएगी और उन्हें जेल जाना पडेगा। बस इसी की आड़ में धुआंधार बसूली झोलाछाप चिकित्सकों से चल रही है।

## तेरहवीं में हुआ हादसा, हलवाई पर गिरी गर्म तेल की कढ़ाई



**छतरपुर।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र के खेरा कसार गांव में एक तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल यहां खाना बना रहे हलवाई गुलाब चतुर्वेदी (50 वर्ष) पर गर्म तेल की कढ़ाई गिर गई, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गुलाब चतुर्वेदी ने बताया, वह तेरहवीं में खाना बना रहा था। गर्म तेल की कढ़ाई उतारते समय पैर फिसल गया, और तेल मेरे शरीर पर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, गुलाब के शरीर पर गंभीर जलन के निशान हैं और उनकी स्थिति नाजुक है।

## एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट, दर्जन भर घायल

**छतरपुर।** बमनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट में दोनों पक्षों से महिलाओं और पुरुषों सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की जड़ पटवारी द्वारा गलत सीमांकन बताया जा रहा है, जिसके कारण लंबे समय से चचेरे भाइयों में तनातनी चल रही थी। एक पक्ष के घायल रामकिशोर लोधी और घनश्याम लोधी ने बताया कि उनके पिता और तीन अन्य भाइयों की जमीन अलग-अलग हिस्सों में बंटी है, लेकिन पटवारी ने सीमांकन में गलती की, जिससे विवाद शुरू हुआ। रामकिशोर ने कहा, हमारी जमीन पर मकान है, और हमने बाउंड्री बनाई थी। बीती रात चचेरे भाई उसे गिराने लगे तथा रोकने पर मारपीट कर दी। इस पक्ष से रामकिशोर, घनश्याम, कपूरे, फूल बाई, हरि सिंह, राम सखी, गायत्री और जगभान घायल हुए। उन्होंने धनीराम, बालकिशन, अमर सिंह, लक्ष्मी, राजेंद्र, केशु, राजू, अंगद, वीर सिंह, वर्षा, अनुज और पांच अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। वहीं, दूसरे पक्ष से धनीराम, बालकिशन और अमर सिंह भी घायल हुए हैं। बमनौरा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## दैनिक श्रमिकों ने जनसुनवाई में किया हंगामा



### अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी, लगाया शोषण का आरोप



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के दैनिक श्रमिकों ने आदिम जाति कल्याण विभाग के तहत संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति बालक-कन्या आश्रम और छात्रावासों में कम मजदूरी और कमीशन की मांग के खिलाफ मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इस दौरान आवेदन देने आए दैनिक श्रमिकों द्वारा जमकर हंगाम किया गया। जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद दैनिक श्रमिक आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय पहुंचे, जहां अधिकारियों के सामने धरने पर बैठकर नारेबाजी की गई। कुछ देर यहां नारेबाजी करने के बाद दैनिक श्रमिक पुनः कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर के वाहन के सामने बैठकर धरना दिया गया। बाद में डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह से समाधान का आश्वासन मिलने पर दैनिक श्रमिक शांत हुए। दैनिक श्रमिकों ने आरोप लगाया कि उन्हें कलेक्टर दर 404 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 12,120 रुपये मासिक वेतन के बजाय मात्र 5,000 रुपये दिए जा रहे हैं, और आदिम जाति कल्याण विभाग के एकाउंटेंट रामबाबू शुक्ला कमीशन की मांग कर रहे हैं। श्रमिकों ने बताया कि वे वर्षों से छात्रावासों में रिक्त पदों पर काम कर रहे हैं, जहां सुबह 6 से 11 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक 8-10 घंटे काम करना पड़ता है। इनमें 50 छात्र-छात्राओं के लिए चाय, नाश्ता, भोजन तैयार करना, गेहूं-चावल की सफाई, सुखाना जैसे कार्य शामिल हैं। पहले उनकी मजदूरी 6,902 रुपये, फिर 7,130 रुपये और बाद में 8,400 रुपये मासिक थी, लेकिन मई 2025 से इसे घटाकर 5,000 रुपये कर दिया गया। कुछ श्रमिकों को 280 रुपये प्रतिदिन, तो कुछ को 166 रुपये की दर से भुगतान किया गया, जिसे वे शोषण मानते हैं। श्रमिकों ने एकाउंटेंट रामबाबू शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि शुक्ला कमीशन की मांग करते हैं और न देने पर वेतन रोकने या अनियमित भुगतान की धमकी देते हैं। इससे परिवार का भरण-पोषण असंभव हो गया है। श्रमिकों ने कलेक्टर से मांग की कि उन्हें कलेक्टर दर 404 रुपये प्रतिदिन यानी कि 12,120 रुपये मासिक के हिसाब से भुगतान और बकाया अंतर की राशि दिलाई जाए। साथ ही, कमीशन और धमकी के मामले की जांच की जाए।

## बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ ग्राहक पंचायत का हल्ला बोल




### अनियमित बिजली आपूर्ति और भ्रष्टाचार पर तत्काल कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत की छतरपुर जिला इकाई ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान बिजली विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने पांच प्रमुख मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें अनियमित बिजली आपूर्ति, उपभोक्ताओं के शोषण और दलाली व्यवस्था पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की गई।प्रांतीय सचिव शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि नगर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह अनियमित है, जिससे भीषण गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज परेशान हैं। व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि शिकायत नंबर बंद रहते हैं, और समस्याओं का समाधान नहीं होता। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का रवैया गैर-जिम्मेदाराना है, जो स्वघोषित नियमों से उपभोक्ताओं का शोषण करते हैं और दलालों के जरिए काम करवाने को मजबूर करते हैं। उन्होंने कहा, ग्राहकों के साथ प्रभाव और पहचान के आधार पर भेदभाव किया जाता है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि विद्युत विभाग में फैली अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और दलाली की गंभीर जांच की जाए। मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो जनमानस के साथ मिलकर आंदोलन तेज किया जाएगा। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने संगठन की इस पहल का समर्थन करते हुए बिजली विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार की मांग की है।

## जिला अस्पताल में पोस्ट मार्टम के दौरान गायब हुए दिवंगत महिला के आभूषण

### परिजनों ने कर्मचारी पर लगाया आरोप, अस्पताल चौकी में हुई शिकायत



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखे गए एक महिला के शव से आभूषण गायब होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर आभूषण चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में शिकायती आवेदन दिया है। प्रापत जानकारी के मुताबिक गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के खिरी गांव की रहने वाली मानकुंवर कुशवाहा और उसकी पुत्री की दो दिन पहले आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब परिजनों को शव सौंपा गया, तो उन्होंने आरोप लगाया कि मानकुंवर कुशवाहा के कानों से सोने की बाली गायब है। परिजनों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रखे जाने के समय आभूषण मौजूद थे, लेकिन बाद में वे गायब हो गए। परिजनों ने इस मामले में अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर चोरी का आरोप लगाया है। इस संबंध में परिजनों ने जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## शहर की समस्याओं का समाधान कराने की उठी मांग

### नगर पालिका में सीएमओ को सौंपा गया ज्ञापन



**छतरपुर।** नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को कांग्रेस नेता अरविंद गोस्वमी और कांग्रेस नेत्री शिवानी चौरसिया ने एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली के खंभों की कमी, स्ट्रीट लाइट की अनुपस्थिति, सफाई व्यवस्था में सुधार, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और तालाबों की सफाई जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही, कुछ वार्डों में सड़क और नाली निर्माण में देरी और बजट की कमी जैसे स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी और नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष तथा महिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवानी चौरसिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा को ज्ञापन देते हुए बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के समस्त वार्डों में अव्यवस्था के कारण लोग परेशान हैं। कई वार्डों में बिजली के खंभे नहीं हैं और बिजली विभाग का कहना है कि नगर पालिका को प्रस्ताव देना होगा। स्ट्रीट लाइटों का टेंडर पिछले तीन वर्षों से नहीं हो सका है, जिसके कारण अंधेरा छाया रहता है। सफाई कार्य के लिए आउटसोर्सिंग का ठेका दिए जाने के बावजूद सफाई कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। इसके अलावा, सभी वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए और ठेकेदारों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश देने की मांग की गई। शहर के तालाबों के घाटों और आसपास की गंदगी को तत्काल साफ करने की भी मांग की गई। शिवानी चौरसिया, जो वार्ड नंबर 28 से पार्षद भी हैं, ने अपने वार्ड में सड़क और नाली के विकास कार्यों की चर्चा की, जबकि अरविंद गोस्वामी ने अपनी पत्नी आस्था गोस्वामी के वार्ड नंबर 1 में नारायणपुर रोड पर चल रहे कार्यों में देरी पर सवाल उठाया और ठेकेदार को नोटिस जारी करने के साथ-साथ अधिक बजट की मांग की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री को सांसद डॉ. मिश्रा ने विकसित भारत संकल्प-2047 पुस्तक भेंट की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को सांसद, सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने मंत्रालय भोपाल में ₹विकसित भारत संकल्प-2047 शीर्षक से प्रकाशित सेवा संकल्प के एक वर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की। पुस्तक में सीधी संसदीय क्षेत्र में गत एक वर्ष के विकास कार्यों का विवरण है, जो ₹विकसित भारत₹ के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सांसद डॉ. मिश्रा के संकल्पबद्ध सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के ₹सशक्त भारत₹ के विजन को साकार करने राज्य सरकार और केंद्र सरकार एकजुट होकर प्रतिबद्ध प्रयास कर रही हैं।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### नदियों व जलाशयों में मछली मारने पर पूर्णतः प्रतिबंधित

**कटनी।** वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनो में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के धारा-3 (2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित करते हुए इस अवधि में छोटे तालाब या अन्य स्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित कर संज्ञेय दण्डनीय अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। इस अधिसूचना के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास अथवा 5 हजार रूपये अथवा दोनो से दंडित किए जाने का प्रावधान है। इस अधिसूचना के माध्यम से जनसाधारण को इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय, विक्रय अथवा मत्स्य परिवहन न करने और न ही इस कार्य में किसी अन्य को सहयोग देंने का आग्रह किया गया है।

### खेत में तालाब बन जाने से बदलेंगे हालात

**कटनी।** जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत गुड़ाकला में जागेश्वर भूमिया के खेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब बन रहा है। इस खेत तालाब का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए जागेश्वर बताते हैं कि मैं गरीब किसान हूँ। पहले खेती के लिए पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहना पड़ता था। जिस वर्ष अच्छी बारिश नहीं होती थी उस वर्ष सिंचाई के अभाव में फसलें सूख जाया करती थी। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से जल क्रय कर सिंचाई करना संभव नहीं हो पाता था।

## कार्यालयीन कामकाज ई आफिस से करने का प्रमाण पत्र 23 जून तक दें

# अधिकारी भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी और छात्रावासों का निरीक्षण करें

**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सभी अधिकारी कार्यालयीन कामकाज ई आफिस के माध्यम से करें। अब कमिश्नर कार्यालय में फाइलें केवल ई आफिस सिस्टम से ऑनलाइन भेजें। कोई भी फाइल अब हार्डकॉपी में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग ई आफिस में ऑनबोर्ड होकर कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ कार्यालय तथा विभिन्न शाखाओं से फाइलों का संचालन ई आफिस से ही करें। सभी संभागीय अधिकारी 23 जून को ई आफिस व्यवस्था लागू होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र और छात्रावासों का निरीक्षण करके उनके सामान्य कामकाज की जानकारी लें। इनमें पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेख करें। कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ वृक्षारोपण भी किया जाना है। पर्यावरण को संतुलित रखने और भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण और वृक्षारोपण अनिवार्य है। शासकीय कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत पौधे रोपित करें। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शाला जाने योग्य बच्चों का शत-प्रतिशत शाला प्रवेश सुनिश्चित करें। संयुक्त संचालक शिक्षा निःशुल्क पुस्तक वितरण तथा साइकिल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित कराएं। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग धरती आबा आदर्श ग्राम योजना के तहत 30 जून तक लगाए जाने वाले शिविरों को प्रभावी बनाएं। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने का प्रयास करें।बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के नालों की तत्काल सफाई कराएं। जल भराव वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके उनमें जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। संभागीय यंत्री लोक निर्माण विभाग वर्षाकाल में जलमग्न होने वाले पुलों में आवश्यक संकेतक तथा बैरियर लगाएं। सड़कों और पुलों के सुधार का कार्य भी करें। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधक देवलौंद में सोन नदी के पुल में सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य शासन के निर्देशों के अनुरूप मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें। वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी अस्पतालों में उचित व्यवस्था कराएं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं कुपोषण को मिटाने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, एसडीओ वन विद्याभूषण मिश्रा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली सुधार करने पहुंचे कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने चोर समझ कर किया हमला

### गढ़ थाना में पीड़ित कर्मचारियों ने दर्ज कराई शिकायत



**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र लालगांव में बीते दिन तेज आंधी के कारण फाल्ट हुई लाइन सुधार करने बोलोरो से पहुंचे शाम 8.30 बजे लगभग 10 कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने प्राणघातक हमला किया। ग्रामीण चोर समझकर कर्मचारियों के ऊपर टूट पड़े। जिससे बिजली विभाग के कई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। कर्मचारियों ने बताया कि ग्रामीण लक्ष्मण यादव,सूर्यबली यादव, रामजी यादव, विवेन्द्र यादव, लालता यादव सहित ग्राम देउर, त्यौंथर निवासी लगभग 2 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने चोर समझकर उनके ऊपर लाठी डंडे से धावा बोलते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में बिजली विभाग के कमलेश प्रजापति, अनिल विश्वकर्मा, प्रमोद कश्यप सहित आधा दर्जन कर्मचारी गंभीर रूप से चोटिल हो गए जिसमे 1 कर्मचारी का संजय गांधी में इलाज चल रहा। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने कहर बरसाते हुए लाइन सुधार में लगी मध्यप्रदेश शासन की बोलोरो में भी तोड़ फोड़ की। घटना को गंभीरता से लेते हुए सहायक अभियंता उमाशंकर द्विवेदी,संजय गुप्ता, कटरा कनिष्ठ अभियंता प्रणव वर्मा सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने गढ़ थाने पहुंच कर मामला पंजीबद्ध कराया। गढ़ पुलिस ने घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है, जिसके बाद उनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है।

## यूनियन बैंक के बाहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बड़ा हादसा टला

### दमकल पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने पाया आग पर काबू




**रीवा।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र सिरमौर चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के बाहर सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बैंक के बाहर लगे पोस्टर और बैनर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लपटें और धुआं तेजी से फैलने लगा। घटना के समय बैंक में मौजूद ग्राहक, अधिकारी और कर्मचारी पहले तो कुछ समझ नहीं पाए, लेकिन जब आग की लपटें दरवाजे के पास तक पहुंचीं, तो भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में बैंक के भीतर और बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हालांकि समय रहते बैंक में मौजूद सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया और आग पर प्राथमिक स्तर पर नियंत्रण पा लिया। दमकल विभाग को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आग काफी हद तक बुझाई जा चुकी थी,प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर आग को काबू मे नहीं आती तो बढ़ सकती थी,तो यह एक बड़ा हादसा बन सकता था, क्योंकि बैंक परिसर में ग्राहकों की संख्या अधिक थी और निकासी के सीमित रास्ते थे। फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। बैंक प्रबंधन द्वारा बिजली कंपनी को मीटर की तकनीकी जांच के लिए सूचना दी गई है। अग्निकांड की प्रारंभिक वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## ईआरओ तथा आठ बीएलओ प्रशिक्षण के लिए जाएंगे नई दिल्ली

**रीवा ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची निर्माण के संबंध में ईआरओ तथा बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रीवा और मऊगंज जिले के ईआरओ तथा आठ बीएलओ दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए नई दिल्ली जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75 गुढ़ के ईआरओ एवं एसडीएम डॉ अनुराग तिवारी दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल होंगे। प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र 68 सिरमौर से बीएलओ पुष्पेन्द्र द्विवेदी, विधानसभा क्षेत्र 69 सेमरिया से सत्यपाल कोरी, विधानसभा क्षेत्र 70 से मधुकर प्रसाद तिवारी, विधानसभा क्षेत्र 73 मनगवां से द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, विधानसभा क्षेत्र 74 रीवा से राकेश प्रकाश भटनागर तथा विधानसभा क्षेत्र 75 गुढ़ से बीएलओ सौरभ मिश्रा प्रशिक्षण के लिए जाएंगे। मऊगंज जिले से विधानसभा क्षेत्र 72 देवतालाब से बीएलओ प्रकाशचन्द्र शुक्ला तथा विधानसभा क्षेत्र 71 मऊगंज से बीएलओ आशीष चतुर्वेदी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। प्रशिक्षण नई दिल्ली में 23 और 24 जून को दिया जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों और बीएलओ 22 जून को सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा से नोडल अधिकारी के साथ विशेष वाहन से रवाना होकर खजुराहों पहुंचेंगे। खजुराहो रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

## जनसुनवाई में वरहदी ग्रामवासियों ने शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने का दिया आवेदन

### अनुसूचित जाति बस्ती मढ़ी धवैया को मुख्य सड़क से जोड़ने स्थानीयजनों ने मांग की



**रीवा।** जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न विभागों से संबंधित 83 प्रकरणों की सुनवाई की गई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई में वरहदी ग्रामवासियों ने शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाकर पक्की सड़क निर्माण का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जबकि अनुसूचित जाति बस्ती मढ़ी धवैया को मेन रोड से जोड़ने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। कमलेन्द्र कुमार मानव करहिया, मुद्रिका प्रसाद बहेलिया निवासी गोविंदगढ़, गणेशिया निवासी रामपुरवा तथा बृजेन्द्रनाथ शुक्ला टटिहरा निवासी के सीमांकन एवं महेश प्रसाद तिवारी के विद्युत मंडल के अधिकारी द्वारा जबरन प्रकरण बनाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। सुहानी कुशवाहा बाणसागर कालोनी रीवा के नामांतरण करने के आवेदन पर नायब तहसीलदार हुजूर को, गंगतीरा निवासी रामसजीवन के स्वामित्व भूमि से अवैध कब्जा हटाने के आवेदन को एसडीएम त्योंथर को तथा पहड़ीया निवासी रामकुमार सिंह के बेदखली आदेश का पालन कराने के आवेदन को तहसीलदार गोविंदगढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार गया प्रसाद तिवारी लोही निवासी के अनुपयोगी जर्जर कूप को बंद करने के आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को, गाढ़ा-137 निवासी रासुमेर कोल के जमीन से जबरन कब्जा कर घर बनाने के आवेदन को तहसीलदार जवा को तथा गुढ़ निवासी फूलमती साकेत के अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करने पर रोक लगाये जाने के आवेदन को तहसीलदार गुढ़ को समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पीजी छात्रावास में खाने में मिला कनखजूर, तीन छात्रों की तबियत बिगड़ी

### छात्रों ने लगाया लापरवाही का आरोप

रीवा। शहर के झिरिया स्थित शासकीय अनुसूचित जाति बालक पीजी छात्रावास क्रमांक 02 में सोमवार की रात गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया। छात्रावास में रहने वाले छात्रों के रात्रि भोजन में खनखजूर (कीड़ा) पाए जाने से हड़कंप मच गया।



बताया गया कि छात्रावास में कुल 30 छात्रों के लिए भोजन तैयार किया गया था, जिसमें से करीब 20 छात्रों ने सब्जी खा ली। कुछ ही देर में तीन छात्रों की तबियत बिगड़ने लगी। उन्हें गले में खराश और उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। छात्रों ने बताया कि हॉस्टल की मेस में साफ-सफाई की भारी कमी है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। इतना ही नहीं, जब छात्रों ने घटना की जानकारी हॉस्टल अधीक्षक को दी तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। काफी देर बाद दो कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर कार्यवाही की बात कहकर चले गए। छात्रों ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## महिलाओं को श्री विधि से धान उत्पादन एवं मिट्टी के प्रकार का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कलहरा के मोहन टोला में 33 स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था के प्रबंधन पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है श्री विधि जिसे मेडागास्कर विधि भी कहते हैं उससेधान उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत कम बीज एवं कम पानी तथा कम लागत पर सामान्य से डेढ़ गुना अधिक उपज प्राप्त होती है। प्रति हेक्टेयर 5 किलोग्राम बीज की नर्सरी डालकर 9 से 11 दिन के पौधे नर्सरी से उखाड़ कर खेत की तैयारी कतार से कतार 9 इंच एवं पौधे से पौधे को 9 इंच की दूरी पर एक एक पौधे को एक स्थान में पौधे को उखाड़ने के आधे घंटे के अंदर रोपाई कर देना चाहिए। पौधों की जड़ों में मिट्टी एवं बीज लगा होना चाहिए । गोमूत्र या ट्राइकोडर्मा विर दी को 8 से 10 ग्राम प्रतिकिलो बीज में बीज उपचार करके उत्पादन में 15 से 20% वृद्धि के लिए जैव उर्वरकअजेक्टोबैक्टर तथा फास्फेटिका से उपचार करने का प्रशिक्षण दिया खेत की मिट्टी परीक्षण परिणाम के अनुसार तत्वों के कमी की पूर्ति हेतु जैविक खादोंकी पूर्ति तथा नींदा नियंत्रण हेतु कोनोवींडर से निंदाई गुड़ाई करने की जानकारी दी गई।

## बाईपास के किनारे संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव



**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित बाईपास मार्ग पर सोमवार की सुबह एक पेड़ के नीचे संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ निवासी 35 वर्षीय कमलेश पाल के रूप में की गई है, जो एक पिकअप वाहन चालक था और हाल ही में फल व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमलेश पाल आम से लदा पिकअप वाहन लेकर लखनऊ से रीवा मंडी आया था। रीवा पहुंचकर आम उतरने के बाद वह लखनऊ वापसी के लिए रवाना हुआ था, लेकिन रास्ते में वह अचानक लापता हो गया। परिजनों के अनुसार, कमलेश से अंतिम बार रविवार देर रात फोन पर बातचीत हुई थी, जिसके बाद से उनका मोबाइल नंबर लगातार स्विच ऑफ आने लगा। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने जब बाईपास किनारे एक पेड़ के नीचे युवक का शव देखा, तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। घटनास्थल के पास मृतक का पिकअप वाहन भी खड़ा मिला है, जबकि उसका मोबाइल फोन गायब बताया जा रहा है। पुलिस मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर रही है। कमलेश के रिश्तेदार सुंदरलाल पाल, जो रीवा पहुंचे हैं, ने बताया कि जब काफी देर तक संपर्क नहीं हो पाया और वह घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन करते हुए वे रीवा पहुंचे, जहां उन्हें कमलेश की मृत्यु की सूचना मिली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है ताकि मौत के कारणों की सटीक जानकारी मिल सके। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत स्वाभाविक है, दुर्घटना है या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है। विश्वविद्यालय पुलिस ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।